तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 16 जुलाई 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 जिले के किसानों को खाद उपलब्ध कराने ...



14 स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर...




## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.


छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-18/07/25

# गर्भवती को जर्जर सड़क के कारण 4 किमी चलना पड़ा पैदल, तब मिली एम्बुलेंस

### ये कैसी विवशता, सरपंच व सचिव ने सड़क मरम्मत को लेकर नहीं दिया ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

विकासखंड कोयलीबेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंडरीपानी से गुमड़ीपारा पहुंच मार्ग की स्थिति इतनी खराब है कि गर्भवती महिला को ईलाज के लिए चार किमी. कच्ची कीचड़नुमा सड़क पैदल पार करने को मजबूर हुई, उसकी मदद के लिए उसके साथ परिवार की चार महिलाएं भी थी।

जानकारी के अनुसार कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत परतापुर के आश्रित ग्राम पंडरीपानी से गुमड़ीपारा पहुंच मार्ग की हालत अत्यंत खराब है। यह सड़क लगभग चार किलोमीटर की सड़क इतनी जर्जर है कि दुपहिया और चार पहिया वाहन चलाना भी संभव नहीं है। ग्राम पटेल देवनिधि नरवास ने बताया सरपंच को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन उन्होंने इस सड़क को कभी गंभीरता से नहीं लिया। सरपंच और सचिव इस समस्या को नजर अंदाज करते आ रहे हैं। ग्रामीणों ने शासन से मांग किया है कि पंचायत को सरकार के द्वारा कई निधि से पैसा मिला है, उसकी जाँच किया जाएं कि किस कार्य में खर्च किया गया है।

गांव की जीवन रेखा को सुधारने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि कतई गंभीर नहीं है। ग्रामीणों ने माँग किया है कि इस सड़क की मरम्मत कराई जाए और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएं। इसके साथ ही सरपंच और सचिव की लापरवाही की जांच करते हुए कार्रवाई भी किया जाए।



### मुश्किलें नहीं हो रहीं कम

गर्भवती महिला सुनीता कोमरा पति संजय कोमरा को चार किलोमीटर की कच्ची सड़क पैदल चलकर पार करनी पड़ी। चार किमी परतापुर पहुँची, जहाँ गर्भवती महिला का इंतजार एंबुलेंस कर रही थी। महिला को ईलाज के लिए पखांजूर सिविल अस्पताल लाया गया। परतापुर की यह घटना इस बात का प्रमाण है कि सड़क की खराब हालत के कारण ग्रामीणों को कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप



### श्रावण मास में शिव मूर्ति की विधि विधान से की स्थापना

**चारामा।** शांति नगर सिरसिदा में श्रावण मास के प्रथम सोमवार को समाज सेवक कन्हैया सिंह ठाकुर सेवानिवृत शिक्षक के प्रयास एवं सहयोग से शांति नगर सिरसिदा में शिव मूर्ति की स्थापना विधि विधान से किया गया, जिसमें शिव भक्तों का भक्ति उमड़ पड़ा। स्थापना के बाद अधिकांश महिला शिव भक्ति भजन कामिनी ठाकुर, माधुरी ठाकुर, लता सिन्हा, राजकुमारी यादव, ललित बोरकर एवं गंगा साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रसाद वितरण में अंस ठाकुर एवं आदर्श ठाकुर का एवं चबूतरा निर्माण में घनश्याम सिन्हा, वेदांत, मनन सिन्हा एवं निवासियों का योगदान रहा।

### बालक आश्रम सुरूंगदोह के प्रभारी अधीक्षक निलंबित

**कांकेर।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत बालक आश्रम सुरूंगदोह के प्रभारी अधीक्षक ओकेश्वर चुरेन्द्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सहायक आयुक्त के अनुसार सांसद द्वारा उक्त बालक आश्रम के औचक निरीक्षण किया गया, उस दौरान प्रभारी अधीक्षक नशे की हालत में मिले। प्रधान अध्यापक एवं प्रभारी अधीक्षक के उक्त कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम 1,2,3 के विपरीत पाए जाने के कारण प्रभारी अधीक्षक को मूल पद प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बालक आश्रम सुरूंगदोह को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण (नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी कोयलीबेड़ा नियत किया गया है।

### आक्रोश : रसूखदारों का नाम चढ़ाने वाले पर कार्रवाई की उठी मांग

# मयाना में वन एवं चारागान भूमि में रसूखदारों का चढ़ गया नाम, हटाने एकजुट हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

मयाना में फर्जी ढंग से वन अधिकार मान्यता पत्र बनवा लिए जाने के चलते ग्रामीणों में आक्रोश है। लगभग 200 की संख्या में कलेक्टोरेट पहुँचे ग्रामीणों ने मयाना में फर्जी ढंग से बनाए गए वन अधिकार मान्यता पत्र को रद्द करने की माँग किया है।

- ग्रामसभा में बिना प्रस्ताव लाएं नाम चढ़ाए जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश

ग्रामीणों ने जनदर्शन में पहुँचकर शिकायत करते हुए बताया कि जिले के चारामा तहसील अंतर्गत मयाना में पटवारी हल्का नंबर 15 शासकीय वन एवं चारागन भूमि को गांव के कुछ रसूखदारों द्वारा कूटरचना कर फर्जी तरीके से वन अधिकार पत्र बनवा लिया गया है। इसके चलते गांव में शासकीय योजनाएँ एवं चारागन के लिए भूमि शेष नहीं बची है। ग्राम मयाना पटवारी हल्का नंबर 15 के खसरा नंबर 1, 2, 3 एवं 4 में मयाना जलाशय एवं जय भराव क्षेत्र एवं छोटे-बड़े झाड़ के जंगल होने के कारण गांव के पालतू पशुओं को चराया जाता है, किन्तु गांव के कुछ रसूकदार द्वारा बगैर ग्राम सभा एवं पंचायत के प्रस्ताव अनुमोदन वन अधिकार पत्र बनवाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि खसरा नं. 2 में से रकबा 2.60 हेक्टेयर जमीन प्रियांशु पिता सुरेश, प्रतिभा और प्रिंसी के नाम पर वन अधिकार पत्र बना है। इसके अलावा खसरा नं. 3 में से रकबा 2 हेक्टेयर ⏭ शेष पेज 12 पर



### वन अधिकार पत्र जारी नहीं किया गया


ग्रामीणों ने बताया कि वन अधिकार पत्र दिए जाने की स्थिति जानने के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में सूचना अधिकार के तहत जानकारी माँगा गया था, परंतु विभाग से जानकारी मिली कि पटवारी ह.नं. 15 के खसरा नं. 1,2,3,4 में किसी को भी वन अधिकार पत्र नहीं दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि रसूकदार लोगों का नाम आनलाईन में किस नियम से दिख रहा है, यह समझ से परे है। ग्रामीणों का कहना है कि तहसीलदार एवं एसडीएम को भी बताया गया, परंतु सकारात्मक उत्तर आज तक नहीं मिल पाया है।

### ग्रामीणों की माँग, आंदोलन के लिए होंगे बाध्य

जनदर्शन में आवेदन देने के लिए पहुँचे ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग सभी जगह शिकायत कर चुके है। शिकायत के बाद रसूकदार लोगों का उक्त खसरों में आनलाइन जो नाम दिख रहा है, उनको हटाया जाएं, यह भी मांग किया गया है कि रसूकदारों का नाम आनलाइन में जिस अधिकारी के द्वारा चढ़ाया गया है, उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। माँगे पूरा नहीं होने पर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# खेत से घर जा रहे किसान को ट्रक ने मारी टक्कर गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



- इलाज के लिए हायर सेंटर किया गया रिफर

बायपास रोड कांकेर में ढाबा के पास ट्रक चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए खेती का काम करके वापिस घर जा रहे किसान को जोरदार टक्कर मार दिया। ट्रक की टक्कर से किसान कुछ दूर जाकर गिर गया। घायल को संजीवनी 108 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चोट गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रिफर किया गया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे भंडारीपारा कांकेर निवासी 37 वर्षीय सतीष पोया पिता सांवतराम पोया ने पुलिस को बताया कि रोजी मजदूरी का काम करता हूं। 14 जुलाई को सुबह 10 बजें पिता के साथ घर के बैल को लेकर अपने खेत ग्राम मनकेशरी बाई पास रोड क्रेशर प्लांट के पास गया था। खेत का काम कर पैदल शाम करीबन साढ़े 5 बजे घर वापिस आ रहे थे। बाईपास रोड में ढाबा के पास जगदलपुर की ओर से आ रही आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 21 जे 1517 का चालक अपने वाहन को तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक उतावलेपन से चलाकर मेरे पिता सांवत राम पोया को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से किसान सांवत राम पोया रोड किनारे गिर गया। एक्सीडेंट से उसके सिर, पैर एवं शरीर में गंभीर चोट आई है, जिसे 108 वाहन से इलाज के लिए कोमलदेव अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया। किसान को अधिक चोट होने के कारण हायर सेंटर रायपुर रिफर किया गया।

### मामला दर्ज किया गया

कांकेर थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 21 जे 1517 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

# रपटा बहने की खबर हरिभूमि में प्रकाशित होते ही विभाग की खुली नींद, मरम्मत कार्य शुरू

**पखांजुर।** मानसून की शुरुआती बारिश में पीव्ही 2-3 सड़क का रपटा बह जाने से स्थानीय ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस घटना के कारण सड़क संपर्क टूट गया था, जिससे कई विद्यालयों की बसों का आवागमन बाधित हो गया था और बच्चों को स्कूल जाने के लिए लंबा व असुरक्षित रास्ता तय करना पड़ रहा था। हरिभूमि ने इस मामले को विभाग के संज्ञान में लाया और विभाग ने रपटा को सुधारने के लिए साधन लगा दिया। जानकारी के अनुसार कई विद्यालय के छात्र एवं ग्रामीणों के परेशान होने की जानकारी मिलने पर हरिभूमि ने प्रमुखता से 9 जुलाई को विभाग को समाचार प्रकाशित करके विभाग के संज्ञान में लाया गया था। विभाग के आला अफसरों ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए रपटा सुधार कार्य प्रारंभ कर दिया। ग्रामीणों में खुशी की लहर है, क्योकि विभाग ने पी व्ही 2-3 पर बहे रपटे को अस्थायी रूप से ठीक करवाना शुरू कर दिया है। रपटा ठीक हो जाने पर अब ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को बड़ी राहत म ⏭ शेष पेज 12 पर

- हरिभूमि की खबर का असर : विभाग की त्वरित कार्रवाई से ग्रामीण खुश

# 12 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ युवक को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कच्ची शराब का व्यापार शहर व आसपास के ग्रामीण इलाके में धड़ल्ले से चल रहा है। अवैध ढंग से शराब रखने व बेचने वालो पर कड़ी कार्यवाही करने के शख्त निर्देश उच्चाधिकारियों से मिलने पर पुलिस सक्रिय हो गई है। कांकेर पुलिस को अवैध रूप से शराब बेचने में संलिप्त कोचियों को पकड़े में सफलता मिली और उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाई किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि अघन नगर कांकेर निवासी अखिलेश कुमार शर्मा सिटी सेंटर के पास अवैध रूप से महुआ शराब रखने और उसे बेचने के लिए ग्राहक की तालाश कर रहा है। पुलिस ने मुखबिर की जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत युवक की



रेकी किया और इलाके की घेराबंदी कर छापामार कार्यवाई किया। कार्यवाई के दौरान पुलिस को आता देख शराब खरीदने वाले इधर उधर भाग गए। मौके पर आरोपी अघन नगर कांकेर निवासी 27 वर्षीय अखिलेश कुमार शर्मा पिता जागेश्वर शर्मा को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास दो पांच-पांच लीटर वाली पीला रंग की जरकीन मे लगभग 10 ⏭ शेष पेज 12 पर

### शिवालयों में रुद्राभिषेक सामूहिक रूप से किया गया

# सावन मास के पहले सोमवार को मंदिरों में हुआ भजन-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बासनवाही

सावन मास के पहले सोमवार को बड़ी संख्या में जामगांव शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने पहुंच कर भजन-कीर्तन व रामायण पाठ किया। शिवालयों में रुद्राभिषेक भी सामूहिक रूप से किया गया। सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का शिव मंदिर में पूजा करने पहुंचना जारी रहा। सावन मास की शुरुआत 11 जुलाई को हुई है और सावन मास 9 अगस्त तक रहेगा। सावन मास चार सावन सोमवार पड़ रहे हैं। सावन मास में शिव पूजा, उपासना का महत्व है। सावन मास के पहले सोमवार को मंदिरों में भजन-कीर्तन व रामायण पाठ किया गया। सोमवार को सुबह 6 बजे से श्रद्धालुओं का



पहुंचना शुरू हो गया था। भगवान शिव का दूध, दही व शहद से अभिषेक कर बेलपत्र, नारियल, फल व फूल चढ़ाकर पूजा किया। बाजार पारा जामगांव शिव मंदिर में दोपहर 1.30 बजे शिव भक्तों द्वारा शिवलिंग की स्थापना की गई एवं मंदिर पुजारी दिलीप उपाध्याय ने विधि विधान से पूजा किया। शिव मंदिर समिति ने शाम को भगवान शिव का फूलों से श्रृंगार किया और शाम 7 बजे महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शाम के समय शिव मंदिर परिसर में महिला मंडली ने रामायण पाठ व भजन कीर्तन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव मंदिर समिति ने योगदान दिया। शिव मंदिर बाजार पारा में सुबह से ही श्रद्धालु पूजा करने पहुंचते रहे। दोपहर 1.30 बजे से तक गांव के महिला ⏭ शेष पेज 12 पर

### श्रद्धालुओं की लगी रही लाइन

दोपहर प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। प्राचीन शिव मंदिर दबेना में साथ दूरस्थ गांव से भी श्रद्धालु पूजा करने पहुंचते हैं। बासनवाही, बागाबारी, मुसुरपुट्टा, मावलीपारा, मांडाभर्री, छापरपारा व कोटलभट्टी में भी शिवभक्तों ने शिवालय में हवन पूजा दिनभर चलता रहा।

# भानुप्रतापपुर में चलती मेमू ट्रेन के सामने युवक कूदा, गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

बीती रात को भानुप्रतापपुर में एक युवक ने चलती ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर लिया। युवक की पहचान वार्ड क्रमांक 2 निवासी समीम खान उम्र 32 के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार घटना रात उस समय हुई जब मेमू ट्रेन ताडोकी-अंतागढ़ से दल्लीराजहरा जा रही यात्री ट्रेन भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन पार कर रही थी, जैसे ही ट्रेन स्टेशन से आगे बढ़ी। समीम खान ने रेलवे ओवरब्रिज के नीचे ट्रेन के सामने छलांग लगा दिया। हादसे के बाद ट्रेन के पायलट ने तुरंत ट्रेन रोकी और मौके पर पहुंचा। घटना का समय सोमवार- मंगलवार की रात्रि 11 बजकर 54 मिनट की है। इस समय ट्रेन ताड़ोकी से यात्री छोड़कर वापिस दल्लीराजहरा जा रही थी, लेकिन हादसा नगर क्षेत्र के बीच में होने के कारण घायल युवक को ट्रेन से नहीं ले जाया जा सका। ट्रेन चालक ने घटना की जानकारी भानुप्रतापपुर स्टेशन मास्टर को दिया। स्टेशन मास्टर ने घटना की जानकारी ⏭ शेष पेज 12 पर

- पुलिस जांच में जुटी



## खबर संक्षेप



### ट्रैक्टर में दबने से चोट के कारण हुई थी मौत

**कांकेर**। मोहगांवके सड़क दुर्घटना की घटना के विवेचना में पाया गया कि 10 मई को सुबह 10 बजें मृतक सतीश दर्रो गांव के पुराना तालाब मोहपुर के पास खड़ा था, उसी समय ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 05 एए 2817 का चालक संदीप साहू अपने ट्रैक्टर को लापरवाही पूर्वक चलाकर मेड़ में चढ़ा रहा था। उसी समय ट्रैक्टर मुंडी अनियत्रित होकर पलट गई, जिसमे सतीश दर्रो दबकर फौत हो गया। मृतक सतीश दर्रो की मौत एक्सीडेंट से सिर, पेट, सीना में आई चोट के कारण हुआ है। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 05 एए 2817 का चालक संदीप साहू के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### पॉलिटेक्निक में चलाया गया मतदाता जागरुकता अभियान



**कांकेर**। शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर में मतदाता जागरुकता अभियान (स्वीप) का आयोजन किया गया, जिसमें नाथियानवागांव के बूथ लेवल आफिसर ने छात्र-छात्राओं को मतदान करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्र-छात्राओं को आनलाइन वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए हेल्प लाईन माई वोटर एप के बारे में जानकारी दी और साथ ही उन्होंने फार्म 6, 7, 8 के बारे में भी अवगत कराया। इस अवसर पर संस्था के तीन नए छात्रों को फार्म 6 भरवाकर उनका वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने की प्रक्रिया की गई। उन्होंने वोटर लिस्ट आईडी में दर्ज जानकारी में सुधार कार्य के लिए फार्म 8 के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य शैक्षणिक स्टॉफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कुरसेल में सामुदायिक भवन और सीसी रोड निर्माण की मांग



**कांकेर**। जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 49 आवेदन आए। कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर ने प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में अंतागढ़ तहसील के ग्राम कुरसेल से सुरेन्द्र भण्डारी, राजू दर्रो और राजा कोरेटी ने सीसी रोड़ निर्माण, कच्ची सड़क और सामुदायिक भवन निर्माण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार विभिन्न क्षेत्रों के ग्रामीणों ने पीएम आवास दिलाने, भूमि सीमांकन कराने, पेंशन दिलाने, स्थानांतरण कराने, कृषि भूमि का कब्जा हटाने, युक्तियुक्तकरण के तहत स्थानांतरण रोकने, टावर जलने, कब्जा हटाने, एरियश राशि दिलाने, राशन कार्ड दिलाने जैसे विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे, एएस पैकरा सहित सभी अनुविभाग के अधिकारी एवं जिला स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# विधानसभा में गूंजी बस्तर की आवाज़, लता उसेंडी ने उठाए यात्री सुविधा और मत्स्य पाठ्यक्रम के मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी ने विधानसभा सत्र के दौरान बस्तर संभाग की ज्वलंत समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने यात्री परिवहन, सुरक्षा और स्वरोजगार को लेकर दो प्रमुख सवालों के माध्यम से सरकार से जवाब मांगा।

विधायक उसेंडी ने रायपुर–बस्तर–दंतेवाड़ा रूट की बस सेवाओं, परमिट की वैधता, समय–सारणी और बीते दो वर्षोंमें हुई दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी मांगी। उन्होंने पूछा कितनी बसें चल रही हैं और उनके पास वैध परमिट हैं या नहीं, दो वर्षोंमें कितने हादसे हुए कितने लोग घायल हुए या मारे गए, महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए क्या उ गए हैं, सरकार का जवाब 73 हादसे, 32 मौतें कोई मुआवजा नहीं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि पूछे गए समय में कुल 73 बस हादसे हुए, जिनमें 169 लोग घायल और 32 की मौत हुई। हालांकि, मृतकों और घायलों को किसी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं दी गई। महिला सुरक्षा को लेकर कोई विशेष हेल्पलाइन नंबर अब तक जारी नहीं किया गया है। परमिट मोटरयान नियम 1994 के अनुसार जारी किए जाते हैं।

## बस परमिट और सुरक्षा पर कड़ी चिंता, सरकार ने दिया आधिकारिक जवाब



### *मत्स्य पालन शिक्षा पर बस्तर को नहीं मिला अवसर*

*दूसरे सवाल में लता उसेंडी ने बस्तर संभाग में मत्स्य पालन विषय पर कॉलेजों में पाठ्यक्रम न होने पर चिंता जताई। अब तक प्रदेश में 465 विद्यार्थी डीएफएससी पाठ्यक्रम से उत्तीर्ण हो चुके हैं। इनमें से 70 को सरकारी नौकरी मत्स्य निरीक्षकध्सहायक अधिकारी मिली है। बस्तर संभाग में न तो कोई मत्स्य पाठ्यक्रम संचालित हो रहा है, न ही कोई प्रस्तावित है। स्वरोजगार को बढ़ावा देने की बात, लेकिन तैयारी नहीं सरकार ने बताया कि मत्स्य नीति 2022 के तहत तालाबोंध्जलाशयों के लिए पट्टा आवंटन की सुविधा ऑनलाइन उपलब्ध है। युवा निजी क्षेत्र में मत्स्य पालन कर स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन क्षेत्र में प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम और ढांचा नहीं होने से स्थानीय युवाओं को लाभ नहीं मिल पा रहा। विधायक की मांग बस्तर के युवाओं को भी मिले शिक्षा और सुरक्षा का अधिकार। लता उसेंडी ने जोर दिया कि, बस्तर क्षेत्र को यात्री सुविधाएं, महिला सुरक्षा और शैक्षणिक अवसरों में उपेक्षित नहीं किया जाए। सरकार को बस्तर के लिए व्यवस्थित परिवहन और मत्स्य शिक्षा की पहल करनी चाहिए।*

बैठक : कोंडागांव में कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक

# खाद-बीज, राशन वितरण, स्वास्थ्य-शिक्षा पर रखें नजर, राशि का दुरुपयोग रोकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- ई-ऑफिस प्रणाली को दिया गया विशेष महत्व
- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान सहित जल जीवन मिशन की समीक्षा भी की गई

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में खाद–बीज की उपलब्धता, राशन वितरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य विभागीय कार्योंकी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने ज ई–ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए सभी विभाग प्रमुखों को अपने सभी शासकीय फाइलें और दस्तावेज ई–ऑफिस के माध्यम से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में विभिन्न विभागों के कार्योंकी गहन समीक्षा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। राशन वितरण, खाद्य अधिकारी को तीन माह के राशन वितरण की जानकारी लेते हुए शत–प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवास निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और राशि के दुरुपयोग को रोकने के निर्देश दिए गए। लापरवाही या दुरुपयोग पाए जाने पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए। शिक्षा विभाग, विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली गई और लंबे समय से अनुपस्थित या मद्यपान करने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया। महिला एवं बाल विकास विभाग, एफआरएस कार्य में प्रगति लाने और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश सीईओ जनपद को दिए गए। सभी आंगनबाड़ी के बच्चों को विभाग द्वारा प्राप्त ड्रेस उपलब्ध कराने और निर्धारित ड्रेस में ही बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।



### स्वास्थ्य विभाग की भी हुई समीक्षा

स्वास्थ्य विभाग, जिला अस्पताल के मरम्मत कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। सीट स्कैन, एक्सरे मशीन सहित अन्य आवश्यक चिकित्सकीय उपकरणों के कार्यशील होने को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने यह भी सख्त निर्देश दिया कि कोई भी अस्पताल निर्धारित समय में बंद नहीं होना चाहिए। परिवार नियोजन और जागरूकता, ग्रामीण क्षेत्रें में परिवार नियोजन के लिए काउंसलिंग पर जोर दिया गया, और स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग को संयुक्त रूप से बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने को कहा गया। जल जीवन मिशन, कार्योंकी प्रगति की समीक्षा की गई और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को कार्य में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया। कृषि विभाग, कृषि कार्य के दौरान समुचित खाद–बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और कृषि केंद्रों में खाद की नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोंडागांव में किशोरी बालिकाओं को आत्मरक्षा व करियर का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- बालिकाओं को दी जा रही है आत्मरक्षा, जीवनशैली और करियर पर महत्वपूर्ण जानकारी

कोंडागांव जिला मुख्यालय स्थित प्री–मैट्रिक और पोस्ट–मैट्रिक कन्या छात्रवास की किशोरी बालिकाओं को 9 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तीन दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन, बालिकाओं के संरक्षण, जीवनशैली, पोषण, शिक्षा और करियर चुनाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवादात्मक चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बालिकाओं को इन सभी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी और उन्हें जीवन में बेहतर व सशक्त निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया। आत्मरक्षा प्रशिक्षण आईटीबीपी से प्रशिक्षित और नेशनल मेडल विजेता अनिल गोटा द्वारा दिया गया। उन्होंने अपने अनुभवों से बालिकाओं को प्रेरित किया और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति टीम, छात्रवास अधीक्षक और छात्रवास के समस्त स्टाफ की सक्रिय उपस्थिति रही।



# युवा कांग्रेस ने निकाली रैली, बिजली का बिल जलाकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला युवा कांग्रेस के ने माकड़ी बाजार में रैली निकाल कर बिजली बिल की बढ़ोतरी को लेकर प्रति जलाते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी किया।

जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर, एनएसयूआई पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष चमन साहू, युवा कांग्रेस जिला महासचिव सुरेश नाग ने कहा कि आम जनता लगातार भाजपा सरकार के द्वारा ठगे जा रहें हैं। राज्य में भाजपा की सरकार आई है, आमजन को लूटने का काम हो रहा है। प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। बिजली बिलों में बेहिसाब बढ़ोतरी कर जनता के घरों में आर्थिक संकट खड़ा कर दिया गया है। हजारों-लाखों रुपएं तक के बिल भेजकर जनता के पेट पर लात मारी जा रही है।

भाजपा की सरकार बनने के बाद से अब तक चार बार बिजली बिल मे बढ़ोतरी हुई है। यह जनता के साथ धोखा है, जब प्रदेश मे कांग्रेस की सरकार थी, बिजली बिल हाफ करके सभी वर्गो को लाभ पहुंचाने का काम किया था।



**ये रहे उपस्थित**

प्रदर्शन के दौरान जिला कार्यलय प्रभारी लोमेंद यदाव, किसन साहू, कमल नागवंशी, हर्षदीप कावड़े, निरंजन भास्कर, ज्योती नाग, लिकेश्वरि जैन, पदनामि जैन, पंचराम यादव, ख्म्मन मंडावी, प्रदीप गोटा, गुंजन सेन, दिजऊराम जैन, चंद्रहास मंडावी व अन्य युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हस्तशील विकास बोर्ड अध्यक्ष ने कमार समाज से की चर्चा

# शिल्पियों को मिले योजनाओं का लाभ, पौधे के संरक्षण में लगाएं जाएं बांस के ट्री गार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मर्रामपानी के आश्रित पारा डोकरानाला जो की कमार जनजाति बाहुल्य बस्ती है। हस्तशील विकास बोर्ड अध्यक्ष शालिनी राजपूत का दौरा हुआ। जहाँ समाजजनों ने अपने पारम्परिक रीति से अतिथियों का स्वागत किया वही स्थानीय प्राथमिक शाला भवन में अध्यक्ष ने हस्तशिल्पियों से मुलाकात कर कई विषयों पर चर्चा किया।

शिल्पियों से बातचीत के दौरान कारीगरो को अपने पारंपरिक व्यवसाय में होने वाली कठिनाइयों को लेकर चर्चा की गई। वही पंजीकरण, प्रशिक्षण, मार्केटिंग स्ट्रैटेजिस, अन्य विषयों के बारे में स्थित जानकारी दी गई। शालिनी राजपूत को यह पता चला की बांस के अभाव के कारण क्षेत्र में शिल्पियों को समस्याएं होती हैं, उनके द्वारा बहुत ही सराहनीय पहल की शुरुआत होते हुए दिखाई दी। तत्काल उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से चर्चा कर यह आग्रह किया की सभी बांस का पौधा लगा पौधे का संरक्षण करें। उनके संरक्षण के लिए बांस से बने ट्री गार्ड का भी उपयोग करें। यहां बहुत ही सराहनीय पहल है, जिससे कि आने वाले समय में बॉस की जो कमी हो रही है, जिससे शिल्पियों को और राज्य में वनांचल के लिए यह मिल का पत्थर भविष्य में साबित होगा। कहीं ना कहीं ट्री गार्ड जब शिल्पियों द्वारा निर्मित होगा तो इन्हें एक रोजगार का अवसर मिलेगा तथा उन्हें आर्थिक सहायता मिलेगी।



शिल्पियों को पंजीयन से लेकर डिजाइनिंग तक नए अनुभव जो नहीं प्राप्त हो पा रहे थे, उन्होंने उसमें रुचि लेते हुए अपने जिला अधिकारी अनिरुद्ध कोचे से तत्काल वार्तालाप करके जल्द से जल्द समस्त शिल्पियों का पंजीकरण कर सूचित करने का आदेश दिया। वही भाजपा सरकार में अपने पारंपरिक व्यवसाय से जुड़ी संस्था के अध्यक्ष को अपने बीच पाकर ग्रामीण काफी उत्साहित दिखे। सभी ने अध्यक्ष को बांस से बनी पुष्प टोकरी भेंट किया।

***ये रहे उपस्थितः*** इस दौरान आयुषी पाण्डेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भूपेश नेताम, पूर्व मंडल अध्यक्ष व पार्षद मुकेश संचेती, आशकारण ध्रुव, हेमंत साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, गोपाल साहू, बीरबल, सुखदेन, सुखचंद, सियाराम, दिनेश, फुलेश्वरी शोरी व अन्य उपस्थित रहे।

# जनप्रतिनिधियों के सहयोग से मानसिक रोगी को पहुंचाया गया अस्पताल

**अंतागढ़**। कई लोग कहते है कि इस दुनिया में मानवता खत्म हो चुका है, किंतु जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधि इसको गलत साबित कर दिया। मामला अंतागढ़ नगर पंचायत के मद्रासीपारा का है, जहां एक महिला मानसिक एवं शारीरिक रूप से कमजोर होने के कारण कुछ दिनों से देशी मदिरा दुकान से लगे झोपड़ी में भूखे प्यासे रह रही थी। मद्रासीपारा में किसी कार्यकम में शिरकत करने जनपद पंचायत अध्यक्ष मनोरमा मंडावी, उपाध्यक्ष कुबल सिंह भूसाखरे, महेश कुमार ऊईके, यशोदा उसेंडी, शारदा उसेंडी, धर्मेंद्र वासनीकर पहुंचे थे।



उन्हे महिला के बारे में जानकारी मिली तो सभी ने जाकर देखा। वास्तव में महिला झोपड़ी में सोई हुई थी, लगता था मानसिक रोग से पीड़ित है, तो अध्यक्ष उपाध्यक्ष द्वारा मानवता का परिचय देते हुए तुरंत अंतागढ़ अस्पताल फोन के माध्यम से जानकारी दी गई। कुछ देर में एंबुलेंस आया और महिला को एंबुलेंस में बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। महिला की पहचान कांकेर थानांतर्गत ग्राम अण्डी निवासी 53 वर्षीय परमिला जैन के रूप में हुई। उनके परिजनों को जानकारी दे दिया गया है।

## रसोईया संघ की बैठक आयोजित होगी 18 को

**दुर्गुकोंदल**। छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संयुक्त संघ के बैनर तले रसोईयों द्वारा अपनी मांगों को लेकर 28 से 30 जुलाई तक तीन दिवसीय हड़ताल प्रदेश के हर जिला मुख्यालय में करने का निर्णय लिया गया है। इसी सिलसिले में विकासखंड दुर्गुकोंदल में आवश्यक बैठक 18 जुलाई शुक्रवार को दोपहर 1 बजे तहसील आफिस के सामने रखा गया है। इस बैठक में ब्लाक के सभी रसोईयों को उपस्थित होने कहा गया है।

# आप के राष्ट्रीय महासचिव ने कार्यकर्ताओं में जान फूंकने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

आम आदमी पार्टी भानुप्रतापपुर के कार्यकर्ताओं में एक बार फिर से जान फूंकने के लिए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक भानुप्रतापपुर पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओ के द्वारा जोशीला स्वागत किया गया।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि सभी को एकजुट होकर अपने अपने क्षेत्र में पार्टी विस्तार पर जोर देने को कहा और भूत स्टार ब्लॉक स्तर जिला स्तर पर पार्टी को मजबूत करना है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी मुकेश अहलावत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूंजीपतीयों को लाभ दिलाने वाली पार्टी है और छत्तीसगढ़ में भी भाजपा की सरकार के द्वारा पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए ही केंद्र के आदेश पर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल हो रखा है हमारी सरकार ने दिल्ली में शिक्षा और स्वास्थ्य पर बेहतरीन काम किया है जो कि पूरे देश के लिए मॉडल है और हम छत्तीसगढ़ में भी शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था को बेहतर बनाना चाहते हैं। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा छत्तीसगढ़ प्रदेश में बीजेपी और कांग्रेस का गठबंधन स्पष्ट दिखाई पड़ता है दोनों ही पार्टी बारी-बारी से प्रदेश को लूटने का काम कर रही है। पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में सरकार इन सभी जगहों में व्यवस्था सुदृढ़ करने में असमर्थ है भानुप्रतापपुर के स्वास्थ्य केंद्र का बहुत ही बुरा हाल हो रखा है डॉक्टरों की भी व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण क्षेत्र की जनता को बाहर इलाज के लिए जाना पड़ता है कितना ही नहीं कांकेर और रायपुर के बड़े-बड़े शासकीय हॉस्पिटलों में इलाज की उचित व्यवस्था जनता को नहीं मिल पा रही है। मजबूरन प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती होकर इलाज करना पड़ रहा है जिससे ग्रामीण जनों की आर्थिक स्थिति बस से बत्तर होती जा रही है साथ ही आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों का दिल्ली के प्रमुख नेताओं द्वारा सहयोग न किए जाने और पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारीयों द्वारा बड़ी रैली आयोजित न करने पर पार्टी की चूक मनी।



प्रदेश प्रवक्ता सूरज उपाध्याय ने गृहमंत्री अमित साह द्वार नक्सलवाद को 31 मार्च 2026 तक ख़तम करने के ऐलान पर गृहमंत्री से सवाल किया कि नक्सलवाद के खात्मे कि तारिक से पहले क्या वो जिन गांव में नक्सली समस्या से मुक्ति मिल गई है वहां पुनर्वास कब तक होगा इसकी तारिक बता सकते है? छत्तीसगढ़ में ग्रामीणों के पुनर्वास पर कोई कार्य नहीं किया जा रहा है जिससे संदेह उत्पन्न होता है कि भविष्य में जंगल को पूंजीपतियों के हाथ में बेंच दिया जाएगा और वहां पर ग्रामवासियो कि उपस्थिति नहीं होने पर ग्राम सभा आयोजित नहीं की जाएगी और आसानी से बस्तर पूँजीपतियों के हाथ में चला जायगा प्रदेश प्रवक्ता ने कहाँ हसदेव जंगल कि कटाई के विरोध में हमने आंदोलन किया था पर जब कांग्रेस कि सरकार थी तो बीजेपी वालो ने कटाई को अनुचित बताया था और आज जब सत्ता में है तो बीजेपी कटाई के पक्ष में दिखाई दे रही है ये दोनों ही पार्टी आदिवासियों का शोषण करने वाली पार्टी है।

## पेज 11 के शेष

### मयाना में वन...

का वन अधिकार पत्र सुरेश पिता रामलाल, प्रियांशु, प्रिंसी के नाम पर वन अधिकार पत्र बना है। इस जमीन का उपयोग सहकारी समिति के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड अंतर्गत ऋण प्राप्त किया जा रहा है। इस वन अधिकार पत्र के माध्यम से धान खरीदी केन्द्र में धान की बिक्री किया जाता होगा, ऐसा अंदेशा है, जिसकी जाँच की आवश्यकता है।

### रपटा बहने की...

लेगी। अब स्कूल बसें पहले की तरह चल पांएगी और बच्चों को स्कूल पहुंचने में कोई दिक्कत नहीं होगी। त्वरित कार्रवाई के लिए ग्रामीण राकेश बिस्वास ने पीडब्ल्यूडी विभाग का आभार व्यक्त किया है, खासकर उन अधिकारियों का जिन्होंने जनता की समस्या को गंभीरता से लिया और समय पर समाधान उपलब्ध कराया। यह सकारात्मक कदम दर्शाता है कि विभाग जनहित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

*विभाग ने दिखाई सक्रियता :* अनुविभागीय अधिकारी ए.के. मिलिंद ने हरिभूमि खबर को संज्ञान में लिया और संबंधित सब इंजीनियर को मौके पर भेजकर स्थिति का जायजा लिया। बारिश रुकते ही विभाग ने बिना किसी देरी के सड़क पर बह गए रपटा के सुधार कार्य कर दिया।

### 12 लीटर कच्ची...

लीटर महूआ शराब एवं दो लीटर वाली बाटल में लगभग 2 लीटर कुल 12 लीटर महुआ शराब, जिसकी कीमत 1200 रुपएं व नगर 300 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सउनि सोमेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक फलेश्वर कुदराम, आरक्षक मुनेश्वर शोरी, महिला आर सविता नाग एवं पेट्रोलिंग टीम की अहम भूमिका रही।

### सावन मास के...

पुरूषों सामूहिक पूजन किया जो शाम 5 बजे तक चली। वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ विधि विधान से ने पूजा के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। सरपंच भगवती उइके ने कहा गत वर्ष भी सभी के कल्याण की भावना को लेकर रुद्र अभिषेक किया गया था। इस वर्ष भी गांव वासी ने सामूहिक रुद्र अभिषेक किया है। ग्राम दबेना के प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से ही श्रध्दालु पूजा करने पहुंचते रहे।

### भानुप्रतापपुर में चलती...

भानुप्रतापपुर पुलिस को दिया। भानुप्रतापपुर पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक समीम की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने रात में ही शव को मरचुरी में रखवाया। मंगलवार 15 जुलाई को शव का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौप दिया। मुहल्लेवासियों का कहना है कि पति-पत्नी का विवाद का मामला है। कई बार थाने में समझाइश भी दिया गया। विवाद के चलते पत्नी अपने दो बच्चों के साथ अलग किराए मकान में रहती थी।

मृतक पत्नी पर चरित्र शंका करता था। सोमवार को भी पत्नी के पास जाकर फोन नहीं उठाती, बोलकर विवाद किया और दोपहर दो बजे यह कहकर निकल गया अब कभी नहीं आऊंगा और रात्रि में यह घटना सामने आई है। एसआई अनिल पालेश्वर ने बताया पुलिस को जानकारी मिलने पर घटना स्थल पहुँच गए जहां युवक की मौत हो गई थी। ट्रैक में लेटा था या ऊपर से छलांग लगाया स्पष्ट नहीं है। सिर में गंभीर चोट है। हाथों में ग्रीस लगा हुआ था। मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। परिजनों से पूछताछ के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## खबर संक्षेप

### आदिवासी समाज की आवाज को राष्ट्रीय मंच पर सशक्त करने की पहल : बघेल



**बस्तर।** नई दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देशभर के आदिवासी नेताओं के साथ विशेष बैठक आयोजित कर आदिवासी समाज के अधिकारों एवं उनके विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विधायक लखेश्वर बघेल ने बस्तर क्षेत्र की समस्याओं एवं स्थानीय जनहित के मुद्दों को राहुल गांधी के समक्ष रखा और विस्तार से अवगत कराया। आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया मौजूद रहे। छग कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज एवं प्रदेश के समस्त आदिवासी विधायकों ने भी अपने-अपने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को साझा करते हुए विचार-विमर्श में सहभागिता निभाई। यह बैठक आदिवासी समाज की चिंताओं को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से रखने एवं समाधान की दिशा में एक सार्थक कदम मानी जा रही है।

### सीआरपीएफ के शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया स्वास्थ्य लाभ



**गीदम।** 165 बटालियन सीआरपीएफ गोलाकोंडा ने दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा सहायता प्रदान करने के लिए नागरिक कार्यक्रम के तहत ग्राम स्तरीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। यह शिविर बट्टीगुडागाव में आयोजित किया गया। जहां लगभग 200 ग्रामीणों और आसपास के पारा के निवासियों ने निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जाँच का लाभ उठाया। शिविर के दौरान रोगियों को आवश्यक दवाइयों भी वितरित की गईं। यह पहल वंचित आबादी तक बुनियादी स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने और सुरक्षा बलों और स्थानीय समुदायों के बीच सकारात्मक जुड़ाव बनाने के लिए की गई थी। सीआरपीएफ के प्रयासों की ग्रामीणों ने बहुत सराहना की, जिन्हें समय पर चिकित्सा सहायता का लाभ मिला।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में हुई खेल प्रतियोगिता



**बस्तर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परचनपाल के छात्रों ने कबड्डी में गोल्ड मैडल जीतकर धूम मचा दी है। यह प्रतियोगिता डीएवी नगरनार में आयोजित की गई थी, जिसमें 17 डीएवी स्कूलों ने भाग लिया था। फाइनल में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गुमड़पाल और डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परचनपाल के बीच कड़ी टक्कर हुई। जिसमें परचनपाल के छात्रों ने गुमड़पाल के टीम को हराकर जीत हासिल की। इस खेल में गोल्ड मैडल विजेताओं के नाम मनमोहन, थालेश कुमार बघेल, भावेश चंदेल,भावेश ठाकुर, संस्कार ठाकुर, नरेंद्र बघेल, मोक्ष साहू,मोहित ठाकुर,सूरज बघेल, रुद्रनारायण कश्यप, समीर यादव, खेमेश्वर बघेल है।

# ग्रामीणों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सांसद महेश कश्यप सोमवार को छिंदगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत उरमापाल में आयोजित लोकार्पण शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। जिलास्तरीय कार्यक्रम उरमापाल में सीसी सड़क चौक से स्कूल तक एवं 2 मीटर पुलिया सहित जिसकी लागत 19.99 लाख रुपये और नवीन हाईस्कूल गुम्मा में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य 440 मीटर जिसकी लागत 26.14 लाख रुपये का लोकार्पण किया गया।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जनजातीय वर्ग के समग्र विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हो रही है। उनके नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर निरन्तर अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री के सुशासन में छत्तीसगढ़ राज्य में भी हर वर्ग हर क्षेत्र का विकास हो रहा है। गांव गांव में पक्का मकान बन रहा है, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन से महिलाओं को बहुत राहत मिली है। महतारी वंदन योजना से 70 लाख माताओं-बहनों को 1000 रुपये प्रतिमाह दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसानों का कल्याण हो रहा है। जन जन तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। दूरस्थ वनांचलों में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं और शिविर लगाकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। सुशासन तिहार में मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों का दौरा किया। सुशासन तिहार और समाधान शिविर से जनकल्याण की बुनियाद लिखी गई। जनजाति गौरव वर्ष में आयोजित धरती आबा विकास कार्यक्रम भी जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है। उरमापाल के कार्यक्रम के पश्चात कश्यप छिंदगढ़ पहुंचे और यूको बैंक के नए भवन का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी, सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम, सरपंच देवाराम मरकाम, सरपंच गुम्म , विमला नाग, सोयम मुका, पार्वती प्रधानी तथा अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**महतारी वंदन योजना से 70 लाख माताओं-बहनों को दे रहे 1000 रु. प्रतिमाह**



## जनता की जेब में सरकार कर रही डकैती

# डेढ़ साल के भीतर भाजपा की सरकार ने चौथी बार बढ़ाए बिजली के दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




जिला कांग्रेस कमेटी के प्राधिकारी द्वारा जिले व प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती, लगातार बढ़ती बिजली समस्या को लेकर पत्रकार वार्ता किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने प्रेसवार्ता में बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है,

■ जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी

गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई है। छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान हैं, अब कृषि पंप में बिजली की दर बढ़ाकर किसानों की कमर तोड़ रही है। इतिहास गवाह है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में जनता को लूटने के तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं। 2003 से 2018 तक भाजपा की पूर्ववर्ती रमन सरकार ने हर साल बिजली के दामों में वृद्धि की। 2003 में छत्तीसगढ़ में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 3 रुपए 30 पैसे के दर पर बिजली मिला करती थी, जिसे 15 साल के कुशासन के बाद रमनसिंह के समय ही 6 रुपए 40 पैसे तक बढ़ाया गया, जिसे चुनावी वर्ष 2018 में मात्र 20 पैसे घटाकर 6 रुपया 20 पैसे किया गया। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में पूरे 5 साल का नेट वृद्धि यदि देखें तो मात्र दो पैसे का था, जो ऐतिहासिक तौर पर सबसे न्यूनतम था। जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री विमल सलाम ने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने बिजली के घाटे को पाटते हुए बिजली बिल ऑफ योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3240 करोड़ रुपए के सब्सिडी देकर बहुत बड़ी राहत दी थी। किसानों को 5 एचपी तक निशुल्क बिजली दिया, बीपीएल उपभोक्ताओं को 40 यूनिट तक मुक्त बिजली दी गई।

अस्पतालों, उद्योगों को सब्सिडाइज्ड दर पर बिजली देकर राहत पहुंचाया। भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेश भर में बिजली की कटौती शुरू हो गई और कीमत लगातार बढ़ाई जाने लगी है। कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है। भाजपा के नेता, मंत्री, विधायक और अधिकारी एसी का मजा लूट रहे। कई सरकारी विभाग बिजली का बकाया बिल जमा नहीं कर रहें, सरकारी उपक्रमों और सरकार के चहेतों का करोड़ों का बिजली बिल का भुगतान लंबित है, उसकी वसूली भी जनता से कर रही है। सत्ता के संरक्षण में बिजली चोरी और लाइन लॉस के मामले बढ़े हैं, जिसके चलते हो रहे नुकसान की भरपाई भी जनता से वसूली करके करना चाहती है।

केंद्र की मोदी सरकार के गलत नीतियों के चलते हैं बिजली का उत्पादन लागत बढ़ा है। कोयले पर ग्रीन टैक्स चार गुना अधिक बढ़ा दिए, रेलवे का माल भाडा अधिक वसूल रहे हैं, थर्मल पॉवरप्लांट को अडानी की कंपनी से महंगे दर पर कोयला खरीदने बाध्य किया जा रहा है। डीजल पर सेंट्रल एक्साइज बढ़ाए जाने से परिवहन में और फायर के लिए उपयोग होने वाले डीजल की लागत बढ़ी है जिसकी भरपाई भी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ाकर किया जा रहा है। प्रदेश भर से अनाप-शनाप बिजली बिल आने की शिकायत लगातार आ रही है, स्मार्ट मीटर के नाम पर अधिक बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है।

अब तो जनता को लूटने के लिए अडानी की कंपनी का प्रीपेड मीटर भी लगाने की तैयारी है। भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है, अघोषित कटौती रोज-रोज जारी है, ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में एक बार फिर बढ़ोतरी करके जनता की जेब में डकैती डाला है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है, सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में जिलों में आंदोलन करेगी। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा शोरी, मनीष भट्टाचार्य, विवेक देवांगन, बुधनी बघेल, एन राजा, संजय विश्वकर्मा, संजय मौजूद रहे।

# वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने पर होगी कड़ी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा मधोता-2 मुंडकटिया पारा लामकेर बीट में वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। ग्राम पंचायत और वन विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से अतिक्रमणकारियों को समझाइश दी और उन्हें वन भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा मधोता-2 के सरपंच ईस्पर मंडावी ने बताया कि ग्राम पंचायत एवं वन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध अतिक्रमण पर रोक लगेगी और वन भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा आगे भी ऐसे अवैध अतिक्रमण करने वाले लोगों को चिन्हांकित कर आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा। वरिष्ठ ग्रामीण पिलसाय मांझी ने अतिक्रमणकारियों को हटाने एवं उक्त वन भूमि को पुनः वन विभाग ग्राम पंचायत द्वारा हरे-भरे पेड़ पौधे लगाए जाने की बात कही, जिससे पर्यावरण और प्रकृति का संरक्षण होगा और वन भूमि का सही उपयोग सुनिश्चित होगा।

मंडावी ने कहा वन भूमि अतिक्रमण के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है, जिसमें अतिक्रमणकारियों को जुर्माना देना पड़ सकता है या उन्हें जेल भी हो सकती है। भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) ग एवं धारा 52 के तहत वन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

ग्राम पंचायतों को भी अपने स्वामित्व और खातेदारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के अधिकार दिए गए हैं। वे अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर उन्हें बेदखल कर सकती हैं। इस कार्रवाई से वन भूमि की सुरक्षा और अवैध अतिक्रमण पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

अतिक्रमण हटाने के बाद वन विभाग व ग्राम पंचायत के द्वारा उक्त वन भूमि में पौधारोपण किया जाएगा, जिससे पर्यावरण और प्रकृति का संरक्षण होगा और वन भूमि का सही उपयोग सुनिश्चित होगा।

इस दौरान वन समिति अध्यक्ष बुधराम, ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा मधोता -2 सरपंच ईस्पर मंडावी, ग्राम पटेल उर्दश्वर ठाकुर, वार्ड पंच सम्पत मंडावी, कोटवार श्यामलाल मंडावी, सुखदेव मंडावी, प्रेमसागर ठाकुर, सुरेश पोयाम, मनोज कुमार ठाकुर, सोनु मंडावी, गंगा नाग, अमर मंडावी, नंदो ठाकुर, पिलसाय मांझी, लखमु नाग, सती मंडावी एवं वन विभाग के अधिकारी और अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# आदिवासी छात्रों ने रोका काफिला, सांसद को रूट डायवर्ट कर भागना पड़ा : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि महेश कश्यप को प्रदर्शन कर रहे छात्रों से मिलना चाहिए था, रूट डायवर्ट करना जनप्रतिनिधि की नहीं डर की निशानी है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार और उसके आदिवासी चेहरे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और बस्तर सांसद महेश कश्यप अब सवालों के घेरे में हैं। जिनके कंधों पर आदिवासी समाज के भविष्य की ज़िम्मेदारी थी, वही अब आंखें फेर रहे हैं। सुकमा जिले में सैकड़ों आदिवासी छात्र-छात्राओं को शिक्षा और छात्रावास की मांग को लेकर सड़क पर उतरना पड़ा, ये न सिर्फ सरकार की विफलता है, बल्कि एक बड़ा धोखा भी है।



उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुख्यमंत्री स्वयं आदिवासी हैं, सांसद महेश कश्यप भी आदिवासी समाज से आते हैं, लेकिन फिर भी उन्हें आदिवासी बच्चों की आवाज़ सुनने की फुर्सत नहीं है। प्रदर्शनकारी छात्रों से मिलने की बजाय सांसद ने अपना काफिला डायवर्ट कर लिया अगर यही सरकार की संवेदनशीलता है, तो फिर जनता कहां जाएगी। बस्तर विधायक ने कहा कि भाजपा सिर्फ चेहरों को आदिवासी बनाकर दिखावा कर रही है, लेकिन नीति और नीयत में आदिवासी समाज की कोई जगह नहीं है। सुकमा में जो हुआ वह कोई अचानक भड़का आंदोलन नहीं था, बल्कि लंबे समय से अनसुनी की गई मांगों का नतीजा है। प्री-मेट्रिक और पोस्ट-मेट्रिक छात्रावासों में सीटों की भारी कमी है, बच्चों को बाहर रहकर शिक्षा हासिल करनी पड़ रही है और सरकार युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूल और शिक्षक ही खत्म कर रही है। जब सरकार बच्चों की बुनियादी ज़रूरतों को नहीं समझती, तब जनता सड़कों पर उतरती है आज जो बच्चे सड़क पर बैठे हैं, वे भविष्य के डॉक्टर, इंजीनियर, अफसर बन सकते थे लेकिन भाजपा की नीतियों ने उन्हें मजबूर कर दिया।

# महिला एवं बाल विकास विभाग में खुलकर हो रही मनमानीः तुलिका

**दंतेवाड़ा।** महिला एवं बाल विकास विभाग में सहायक ग्रेड-2 संतोष झा के तबादले का मामला अब पूरी तरह से गरमा गया है। तबादले पर हो रही लेटलतीफी को लेकर जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि किसी भी शासकीय कर्मचारी का तबादला होने पर नियमतः उसे नवीन पदस्थाना स्थान पर जाकर ज्वाईंग देना होता है। महिला बाल विकास विभाग ने लिपिक तबादले के बाद भी उसे भारमुक्त नहीं करना और नियम-कायदों का हवाला देकर उसे पखवाड़े भर से रोके रखना इस बात को प्रमाणित करता है कि कहीं ना कहीं बाबू और अधिकारी का गठजोड़ है। महिला एवं बाल विकास विभाग में तमाम प्रकार की योजनाएं संचालित होती है। विभाग में कई सारे योजनाओं में अनियमितताएं है। तुलिका ने कहा कि महिला बाल विकास विभाग में जितने भी भ्रष्टाचार हुए हैं उसमें बाबू और जिला कार्यक्रम अधिकारी दोनों की मिलीभगत कई बार सामने आ चुकी है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि बाबू के चले जाने से जिला कार्यक्रम अधिकारी के कई काले कारनामे सामने आ सकते हैं, जिससे वह डरे हुए हैं और बाबू को रिलीव नहीं कर रहे हैं। इससे पहले भी विभाग संतोष झा का तबादला भैरमगढ़ हुआ था पर साहब की मेहरबानी के चलते उनका तबादला रोक दिया गया था।



# योजनाओं से जोड़ने लगाया सुविधा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा



देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में माओवाद प्रभावित दूरस्थ क्षेत्रों में ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिए विशेष सुविधा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत यह शिविर शासन की योजनाओं पहुंचाने के साथ ही सरकार और समाज के बीच विश्वास का सेतु भी बन रहा है, जिससे विकास की किरण सबसे अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है।

कोंटा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम पंचायत सालातोंग में 15 से 17 जुलाई तक आयोजित शिविर में पोटकपल्ली, पालाचलमा और पेंटापाड़ के ग्रामीणों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा आधार कार्ड, जनधन बैंक खाता ओपन, वोटर आईडी कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, केसीसी, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड और वय वंदन योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य कार्ड बनाए जा रहे हैं। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचकर योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। शिविर में पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य जरूरी जानकारी और लाभ भी ग्रामीणों को सीधे तौर पर मुहैया कराए जा रही है।

### स्वास्थ्य सेवा से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक

शिविर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत पात्र ग्रामीणों का पंजीकरण कर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, जिससे वे 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकें। साथ ही वयोवृद्ध नागरिकों के लिए वय वंदन कार्ड बनाकर उन्हें विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### आगामी सुविधा शिविर

नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत लगातार शिविर लगाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 31 जुलाई तक जिले के विभिन्न चिन्हांकित ग्रामों में शिविर लगाए जा रहे हैं। 23 से 27 जुलाई तक दुलेड़ में आयोजित किया जाएगा जिसमें दुलेड़, बुरकापाल और एल्मागुंडा के ग्रामीण शामिल होंगे और 29 से 31 जुलाई तक गोलापल्ली में आयोजित शिविर में सिंगाराम, क्रिस्टाराम, गंगलेर और मेहता के ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाएगा।

# क्रमोन्नत वेतन के लिए याचिका दायर करने की तैयारी में शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पदोन्नति व क्रमोन्नति न दिये जाने पर उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा सोना साहू के दायर याचिका पर निर्णय देते हुए 10 एवं 20 वर्षो की सेवा की पूर्णता पर समयमान वेतनमान देने हेतु शासन को निर्देश दिया। सोना साहू के प्रकरण जैसे ही प्रदेश भर में हजारों शिक्षक क्रमोन्नति हेतु पात्र है, जिन्हे आज पर्यन्त तक क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिला है।



शिक्षक एल.बी संवर्ग के हजारो कर्मचारी शासन से क्रमोन्नत वेतनमान हेतु सामान्यकृत आदेश की बाट जोह रहे है। शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि सोना साहू को उच्च न्यायालय बिलासपुर से निर्णय उपरांत लगभग 12 लाख रूपये क्रमोन्नत वेतनमान की एरियर्स राशि प्राप्त हुई है। प्रदेश के हजारों कर्मचारियों को भी लगभग उनके सेवाकाल एवं पदानुरूप 5 लाख से 15 लाख की क्रमोन्नति एरियर्स राशि मिलनी है।

सोना साहू के प्रकरण एवं प्रदेश के अन्य कर्मचारियों के प्रकरण एक जैसे ही है, जिसमें शासन सामान्यकृत आदेश प्रसारित कर प्रदेश के समस्त एल.बी संवर्ग के समस्त शिक्षक साथियों को क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ प्रदान कर सकता है किन्तु शासन सोना साहू के प्रकरण को व्यक्तिगत मानकर समस्त कर्मचारियों के लिए सामान्यकृत आदेश जारी न कर अपने जवाबदेही से बचना चाह रहा है एवं अन्य कर्मचारियों को न्यायालय की शरण में जाने को बाध्य कर रहा है। शालेय शिक्षक संघ जिला ईकाई दंतेवाड़ा ने संगठन की बैठक कर चिंता व्यक्त की। हमारे कुछ कर्मचारी सेवानिवृत हो चुके है एवं कुछ सेवानिवृति की कगार पर है, जिन्हें लगभग तीस वर्षों की सेवा उपरांत भी क्रमोन्नत वेतनमान के लाभ से वंचित होने के कारण उन्हे अपने स्वत्वो , वेतनमान एवं पेंशन के निर्धारण में भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। शालेय शिक्षक संघ अपने कर्मचारियों की व्यथा से क्षुब्ध होकर उनके हितों के संवर्धन हेतु समिति के माध्यम से न्यायालय से न्याय पाने हेतु याचिका दायर करने का फैसला लिया है।

इस बैठक में शालेय शिक्षक संघ के पदाधिकारी शैलेश सिंह, कुलदीप सिंह, श्रीमती दीपमाला वेक, पुरूषोत्तम लाल साहू, दिनेश गभेल, गजलू पोडियाम, अंकित गुप्ता, धीरेन्द्र सिंह गौतम, विनय प्रधान, केशव स्वर्ण, पलकेश सोनी, देवेन्द्र धीवर, दीपक शास्त्री एवं बड़ी संख्या में शिक्षक एल.बी. संवर्ग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# सालों से लंबित मामले निपटा रही हैं तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

विकासखंड में सुशासन दिखने लगा है। मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश पर अब राजस्व विभाग लगातार लोगों को अपने त्वरित कार्यों से प्रभावित कर रहा है।

बस्तर कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में बकावंड की युवा और महिला तहसीलदार जागेश्वरी

■ बकावंड तहसील में दिखने लगा साय का सुशासन

गावड़े ने सूझबूझ से सभी राजस्व प्रकरण निपटने में तेजी लाई है। इसका फायदा आम लोगों को मिलने लगा है। इससे लोगों में खुशी की लहर है और वे कलेक्टर तथा तहसीलदार की प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं। बकावंड तहसीलदार कई सालों से लंबित भूमि संबंधित प्रकरण एवं जाति निवास प्रमाण पत्र के कार्य बड़ी तेजी से निपटा रही हैं। तहसीलदार की इस पहल से यहां के लोग बहुत खुश हैं और कलेक्टर हरिस एस एवं तहसीलदार जागेश्वरी गावड़े की दिल खोलकर तारीफ कर रहे हैं।




बस्तर कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार बकावंड तहसीलदार जागेश्वरी गावड़े राजस्व संबंधित विवादित भूमि एवं जाति निवास या तहसील संबंधित मामले को जल्द निपटाने का प्रयास कर रही हैं। ताकि किसानों को बकावंड तहसील कार्यालय के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़े और वे ताकि किसान अपने अपनी खेती किसानी में ज्यादा समय दे सकें। किसानों का बंटवारा, नामांतरण, किसान किताब में नाम जोडने एवं मृत किसानों के नाम काटने कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश तहसीलदार ने हल्का पटवारियों को दिए हैं।

उन्होंने लोक सेवा केंद्र को भी जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र के मामलों का निराकरण करने कहा है ताकि छात्र छात्राओं को सहीं समय स्कूल कॉलेज दाखिला मिल सके। बकावंड तहसील अंतर्गत कुल दर्ज केस 7580 रहे हैं, जिनमें 7489 का निराकारण कर दिया गया है। कुल 91 प्रकरण मूल न्यायलय में लबिंत हैं और 87 दर्ज हैं। बकावंड तहसील अंतर्गत ग्रामीणों की समस्याओं निराकरण तेजी से किया जा रहा है।

### शहर के 3 वार्ड में बांटी गई मच्छरदानी

**जगदलपुर।** मच्छरदानी वितरण के साथ शासन की योजना के अंतर्गत महापौर संजय पाण्डे व अन्य जनप्रतिनिधियों ने मां दंतेश्वरी वार्ड की बुजुर्ग महिला को वाकर दिया । वही महापौर ने स्वच्छता सम्बन्धी शपथ भी दिलवाई। बारिश में अक्सर मच्छर जनित बीमारियों की आशंका रहती है। बीमारियों से बचाव हेतु आज शहर के मां दंतेश्वरी वार्ड, सदर वार्ड,सुभाष वार्ड में मच्छरदानी का वितरण कर लोगों को सजग रहने की अपील की गई। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा, योगेंद्र पाण्डे, संजय विश्वकर्मा, कलावती कसेर, त्रिवेणी रंधारी, पार्षद पूनम सिन्हा, आशा साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता उमाकांत सिंह, धर्मपाल महावर, आरयेंन्द्र सिंह आर्य, मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, रंजीता पानीग्राही, महामंत्री संजय चंद्राकर, अतुल सिम्हा, ब्रिजेश शर्मा, दिलीप सुंदरानी, रितेश सिन्हा, सूर्यभूषण सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भालू ने किया हमला ग्रामीण घायल

कांकेर। भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम शहाकट्टा में ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया। घटना में ग्रामीण को शरीर पर चोटे आई हैं।



बताया जा रहा है कि कल्याण सिंह उसेंडी अपने खेत जा रहा था, तब उसका भालू के साथ आमना सामना हो गया। इसके बाद ग्रामीण पर भालू हमला कर दिया, जिसे प्राथमिक उपचार के लिए भानुप्रतापपुर अस्पताल में ले जाया गया, वहां से कांकेर रेफर किया गया है।

### बिजली बंद होते ही नेटवर्क हो जाता है गायब




दुर्गूकोंदल। चेमल में लगा बीएसएनएल नेटवर्क का हाल यह है कि बिजली बंद होते ही नेटवर्क गायब हो जाता है। बीएसएनएल आफिस के कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए ग्रामीण धनलाल, अरीप तिरसुनिया, गंगाराम राना अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पहले चेमल बीएसएनएल टावर के जनरेटर के लिए बैटरी लगाया गया था और बिजली बंद हो जाने से दो तीन दिन नेटवर्क चलता था। जनरेटर से बैटरी के गायब हो जाने से अब बिजली बंद होते ही नेटवर्क गायब हो जाता है। ग्रामीणों ने बैटरी में जनरेटर लगाने की मांग किया है।

### नाबालिग की हुई मौत, मर्ग कायम

कांकेर। पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 114 निवासी 14 वर्षीय लक्ष्मी राय का इलाज से पहले 14 जुलाई को सिविल अस्पताल पखांजुर में मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका के मौत होने के उपरांत इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### तिलक वंदन एवं मुंह मीठा कर मनाया शाला प्रवेशोत्सव



भानुप्रतापपुर। उच्चतर माशाला भानबेड़ा में 15 जुलाई को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। स्कूल के नव प्रवेशी बच्चों को तिलक वंदन कर एवं मुंह मीठा कर पुस्तक एवं शाला गणवेश वितरण किया गया। स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मुंह मीठा कर उन्हें सम्मानित किया गया। एक पेड़ मां के नाम से स्कूल प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच ममता ठाकुर, जनपद सदस्य राजकुमार दर्रो, शाला विकास समिति अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, ग्राम प्रमुख भागबली जैन, ग्राम पटेल दुर्योधन सिंह ठाकुर, उपसरपंच खेमलाल साहू, रमेश कोर्राम, खेमू चुरेंद्र, राममिलन शोरी, पीलाबाई यादव, कलावती ठाकुर, प्रमोद कोमरे, देवेंद्र बंजारे व पंचगण उपस्थित रहे।

### शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन

भानुप्रतापपुर। शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर बालक आश्रम कान्हारगांव एवं माध्यमिक शाला में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत कर उन्हें नए गणवेश वितरित किया गया। इस अवसर पर बालक आश्रम परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

---

बैठक : कार्यों का क्रियान्वयन व संचालन ई-आफिस से करें

# जिले के किसानों को खाद उपलब्ध कराने अधिकारियों को कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने विभिन्न विभागों में लंबित एवं अपूर्ण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने राज्य शासन के निर्देशानुसार सभी शासकीय कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि भविष्य में शासकीय कार्यों का संचालन एवं क्रियान्वयन अब ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जाना है। अतः सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लेते हुए ई-ऑफिस के सॉफ्टवेयर में कार्य करना प्रारंभ करें।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने जिले में खाद के भंडारण की जानकारी लेते हुए कहा कि किसानों की मांग के अनुरूप खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने डीएपी एवं यूरिया खाद के स्थान पर नैनो डीएपी व नैनो यूरिया की जानकारी किसानों को देने के निर्देश अधिकारियों को दिए और साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर रासायनिक फार्मूलों के बारे में किसानों को बताने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को किसानों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनने तथा विभागीय समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की सिलसिलेवार समीक्षा की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले के निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों के संबंध में कहा कि ये काफी समय से लंबित हैं तथा इसमें वांछित प्रगति नहीं आ रही है। उन्हांने कहा कि जो पंचायत आगामी 15 अगस्त के पूर्व इन भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लेते हैं, उन्हें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसी तरह पीडीएस सेंटर भवनों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इस दौरान कलेक्टर ने लंबित विद्युत देयकों का जल्द से जल्द भुगतान करने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्य पूर्ण करने, सामाजिक अंकेक्षण के अंतर्गत राशि वसूलने, नियद नेल्लानार योजना के तहत लंबित कार्यों में गति लाने व छूटे हुए हितग्राहियों का राशन व आधार कार्ड बनवाने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अंतर्गत किसानों का पंजीयन पूर्ण करने सहित विभिन्न प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी सहित सभी अनुविभाग के अधिकारी एवं जिला स्तर के अधिकारीगण मौजूद रहे।



### शासकीय परिसरों व भूखण्डों में हरियाली लाने चलाएं अभियान

बैठक में कलेक्टर ने यह भी कहा कि शासन का जल संरक्षण की दिशा में विशेष फोकस है और जलवायु व पर्यावरण को सुरक्षित करने में जिला प्रशासन को भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए वर्तमान में वर्षा ऋतु में सघन पौधरोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि शासकीय भवनों, सड़क मार्गों के किनारे तथा खाली पड़े भूखण्डों में सघन पौधरोपण अभियान चलाएं तथा वन एवं उद्यानिकी विभाग से फलदार, फूलदार एवं छायादार पौधे प्राप्त कर पौधे लगाएं। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को इसके लिए अभियानपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही पखांजूर क्षेत्र में ग्रामीणों की मांग के अनुरूप 30 हजार नारियल के सघन पौधे लगाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

---

# घर को सूना पाकर चोर ने बोला धावा, सोने चांदी के जेवर समेत नकदी पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 24 रूपनगर के सूने मकान से सोने चांदी के जेवर समेत नगद की चोरी की शिकायत पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 24 रूपनगर निवासी 20 वर्षीय प्रियंका साना पति राजा साना ने पुलिस को बताया कि 10 जुलाई को दोपहर करीबन 1 बजे खेत में मेरे पति, ससुर प्रदीप साना, सास दीपाली साना, देवर गोविन्द के लिए खाना पहुंचाने दरवाजा में छिटकनी लगाकर गई थी। दोपहर करीबन 2 बजे खाना छोड़कर कर खेत से घर वापसी आई तो देखी घर का दरवाजा खुला हुआ था। घर के अंदर घुसकर देखी तो आलमारी खुला हुआ और कपड़ा फैला हुआ था। आलमारी के लॉकर में रखे सोना चांदी के जेवरात नही था। सासु मां के कमरा में जाकर देखी तो वहां का भी आलमारी खुला हुआ था।

पड़ोसी प्रदीप मृधा व अन्य लोगो को बुलाई और दिखाई फिर मेरे पति को फोन से चोरी होने के संबंध में बताई तब मेरे पति व सास, ससुर, देवर घर आए। मेरी सासु मां कमरा में जाकर आलमारी को देखी। आलमारी के लॉकर में गांव के महिला समिति से लोन में कृषि कार्य के लिए रखे 25 हजार रूपएं नही था। आलमारी व आलमारी के लॉकर को तोड़कर कर आलमारी में रखे मेरे दो नग सोने का लॉकेट, जिसमें एक में ॐ लिखा कीमति 10 हजार रूपएं, एक जोड़ी सोने का कान का बाली कीमति लगभग 5 हजार रूपएं और मेरी बच्ची का एक नग चांदी का चैन जिसमें चांदी का लाकेट लगा हुआ, कीमति लगभग 1 हजार 800 रूपएं और नगद 25 हजार रूपएं कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

---

# नया बस स्टैण्ड डोम में जुआ खेलते तीन जुआरियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ पुलिस ने नकद और ताशपत्ती किया बरामद

रविवार और बुधवार को डोम में बाजार सजता है। उसके बाद पांच दिन डोम खाली रहता है, जहाँ पर कई चार प्राइवेट वाहन खड़े रहते हैं, जिनको स्पेशल बुकिंग करके ले जाया जाता है। इन वाहनों से छिपकर कुछ लोग डोम के अंदर जुआ खेलते रहते है। पुलिस ने खबर पाते ही जुआं खेलने वाले स्थल पर छापा मारा, जहाँ तीन जुआरी पकड़ाएं। वहीं अन्य जुआरी भाग जाने में कामयाब रहे।

कांकेर पुलिस को 15 जुलाई को मुखबिर से जानकारी मिली कि डोम में जुआ चल रहा है। पुलिस जुआ स्थल पर छापामार कार्रवाई की। जुआ खेलते हुए टिकरापारा निवासी 48 वर्षीय विजय बाल्मीकी पिता स्व सुक्कु राम बाल्मीकी, टिकरापारा निवासी 40 वर्षीय बिमल पांडे पिता स्व. सुरेश पांडे और अघन नगर निवासी 26 वर्षीय विमल दुबे पिता मंगल दुबे पकड़ में आएं। उनकी तलाशी लेने पर पुलिस को विजय बाल्मीकी के पास से 100 फड़ से और 150 रुपए जेब से, विमल पांडे के पास से 120 फड़ से और 250 रुपए जेब से, विमल दुबे के पास से 80 फड़ से और 220 रुपए जेब से, कुल जुमला रकम 920 रुपया एवं तास के 52 पत्ती, कत्या गुलाबी का गमछा को गवाहों के समक्ष 15 जुलाई को गवाहों के समक्ष जब्त कर कब्जा करते हुए लिया गया। आरोपियों का कृत्य धारा 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का घटित होना पाए जाने से गिरफ्तारी किया गया।

---

# चिरायु योजना बनी वरदान सृष्टि को मिला नया जीवन

कांकेर। केन्द्र सरकार की चिरायु योजना राज्य के गरीब बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित इस योजना के माध्यम से जिले के कई बच्चे लाभान्वित हुए हैं। यह जन्मजात बीमारी को मात देने वाली योजना है। जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम हिमोड़ा निवासी रविन्द्र एवं गणेश्वरी पोया की एक माह पुत्री सृष्टि पोया जिनका प्रसव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतागढ़ में 6 जून को हुआ। जन्म उपरांत ही बच्ची के कमर के ऊपर एक गुच्छानुमा रचना थी, जिसे देखकर उसके परिवारजन हताश हुए। जन्मजात विकृति से ग्रसित बच्ची सृष्टि की जन्म से ही गुच्छानुमा रचना को देख सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतागढ़ के चिकित्सकों व स्टाफ के द्वारा चिरायु टीम को अवगत कराया गया] जिससे न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट बीमारी की पहचान की गई। जन्मजात न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट बीमारी की पहचान उपरांत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उनके परिवारजनों को भरोसा दिलाया और कहा कि उसका उपचार संभव है। चिरायु टीम के द्वारा इसे उच्च संस्थान दाऊ कल्याण सिंह अस्पताल डीकेएस रायपुर में 12 जून को भर्ती कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतागढ़ एवं चिरायु टीम के अथक प्रयासों से बच्ची की सफलतापूर्वक ऑपरेशन विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा किया गया। वर्तमान में बच्ची पूर्ण रूप से स्वस्थ्य है। ऑपरेशन के पश्चात बच्चे का नियमित फॉलोअप किया जा रहा है, सर्जरी के उपरांत बच्ची सृष्टि पोया को एक नई जिन्दगी मिली और उनके माता-पिता के चेहरे पर हताशा की जगह अब मुस्कान ने ले ली है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर ने बताया कि समय पर विकृत बीमारी की पहचान और उचित समय में रिफर करने से जीवन बचाया जा सकता है तथा सरकार की स्वास्थ्य योजनाएं प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना पीएमजेवाय व अन्य योजनाएं ग्रामीण बच्चों के लिए जीवन रक्षा साबित हो रही है। बच्ची सृष्टि पोया को अब किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। माता-पिता के चेहरे में मुस्कान आई और उन्होंने डॉ. बीके रामटेके, चिरायु टीम की टीम को सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया है।

---

# उदयपुर फाइल्स के समर्थन में सनातन समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित बनी फिल्म उदयपुर फाइल्स के समर्थन एवं रिलीज पर रोक के विरोध में आक्रोश व्यक्त करते सनातन समाज भानुप्रतापपुर ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्य न्यायाधीश के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौपने के दौरान सनातन समाज के लोगों ने कहा कि विगत दिनों घोर जिहादी मानसिकता के मौलाना मदनी एवं देश में सभी दंगाइयों, आतंकवादियों के लिए सबसे महंगे वकील हायर करके ऐसे जिहादी, भारत और हिन्दू द्रोही अपराधियों को बचाने के काम में ही निरंतर लगे जिहादी मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा ए हिंद आदि संगठनों की मांग पर भारतीय सेंसर बोर्ड से प्रमाण पत्र प्राप्त फिल्म उदयपुर फाइल्स जो की रिलीज को तैयार थी, जिसका विरोध करने वालो एवं निर्णय देने वाले जज जिन्होंने बिना देखे इस फिल्म के प्रसारण पर अन्यायपूर्ण रोक लगा दी, जिससे फिल्म निर्माता का आर्थिक नुकसान तो हुआ ही, साथ ही मुस्लिम जिहादियों द्वारा अपने मोबाइल कैमरे ऑन करके लाइव वीडियो बनाते, कलमा पढ़ते, किए गए राजस्थान के उदयपुर के सनातनी हिंदू दर्जी कन्हैयालाल तेली की गला काटकर निर्मम हत्या की, जिसे दुनिया ने देखा, उन पर 3 साल से कैसी अदालती कार्यवाही हो रही है। दोषी जमानत पर छोड़े जा रहे है, यह सब सनातनी समाज देख रहा है, इससे सनातनी हिंदू समाज आहत और आक्रोशित है। इस मजहब प्रेरित हत्या की घटना का मुस्लिम समाज ने विरोध नहीं किया था, किंतु सत्य घटना पर बनी फिल्म का विरोध किया जा रहा है, जो मजहबी लोग अनगिनत अपराध हत्या करते नहीं डरते, वो कौम आज फिल्म से डरकर अदालत की शरण में पहुंच गए और जजों ने भी अनेक बार की तरह कानून को ताक में रखकर फिल्म पर रोक लगा दिया और जिहादियों का मनोबल ऊंचा किया। देशभक्त सनातनी हिंदुओं को आक्रोशत किया, जिसका सनातन समाज भानुप्रतापपुर घनघोर निंदा करता है। सनातन समाज भानुप्रतापपुर के पदाधिकारियों ने कहा कि हमारी मांग है देश और विशेष कर न्यायालय नियम और कानून से ही चले, जजों की मानसिकता से नहीं, कानून और न्याय सबके लिए समान हो, अपनी मानसिकता के आधार पर निर्णय और कमेंट सड़क पर आम जनता करें तो स्वीकार्य है किंतु संवैधानिक, न्यायिक पीठों पर बैठकर यह करना दंडनीय अपराध की श्रेणी में लाया जाए और ऐसों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

---

# प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास सरोना के रसोईया ने मजदूरी राशि के लिए सौंपा ज्ञापन

कांकेर। प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास सरोना के रसोईया को लंबे समय तक मजदूरी का पैसा नही मिला। मजदूरी नही मिलने से वह आर्थिक रूप से परेशान हो गया और संबंधित अधीकारियों को वेतन के लिए गुहार लगाया। परंतु उसे वेतन नही मिल पाया। परेशान रसोईया ने मंगलवार को कलेक्ट्रेड पहुंची और मजदूरी दिलाने के लिए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौपने पहुंचे सरोना निवासी सूरज मंडावी पिता स्व. दिलीप मंडावी ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास सरोना में रसोईया के पद पर पिछले कई महीनों से कार्यरत हूं। प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास सरोना में कार्यरत रसोईया विशेश्वर रामजुरी की पदोन्नति होने के कारण यह पद रिक्त हो गया था। उक्त स्थिति में छात्रावास के बच्चों को समय पर भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्कालीन सहायक आयुक्त (आदिवासी विकास) एवं पूर्व मंडल संयोजक के मौखिक आदेश पर 3 अगस्त 2024 से मुझे दैनिक मजदूरी दर पर कार्य करने के लिए रखा गया। मैने अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन के साथ निभाया है। छात्रावास के बच्चों के लिए समय पर पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने में मैंने कभी कोई लापरवाही नहीं किया, लेकिन अफसोस की बात है कि इतने लंबे समय से निरंतर सेवाएं देने के बावजूद मुझे आज तक मेरी दैनिक मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। मैंने कई बार संबंधित अधिकारियों से मौखिक एवं व्यक्तिगत रूप से मजदूरी भुगतान के लिए अनुरोध किया, परंतु अब तक मुझे किसी भी प्रकार की राशि प्राप्त नहीं हुई। इस कारण मुझे व मेरे परिवार को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

---



# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव

अंतागढ़। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय अंतागढ़ में सोमवार को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बालिकाओं को तिलक वंदन किया गया तथा सभी को पाठयपुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया तत्पश्चात अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बालिकाओं के साथ शाला के अनुशासन के साथ विद्याध्ययन करते हुए अपने माता पिता और विद्यालय का नाम रोशन करने कहा गया एवं विद्यालय प्रांगण में एक पौधा मां के नाम के पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम में मनोरमा मंडावी, कुबल सिंह भूसाखरे, शारदा उसेंडी, संजय ध्रुव, यशोदा उसेंडी, महेश ऊईके, धर्मेंद्र वासनीकर, अजेंद्र प्रधान, पायल ठाकुर सहित पालकगण एवं नवप्रवेशी बालिकाएं उपस्थित रहे।

---

# नव पदस्थ डीईओ से छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने की सौजन्य भेंट



भानुप्रतापपुर। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद से मुलाकात कर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष टिकेश ठाकुर ने कहा कि नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि कांकेर होने के कारण शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तन की अपेक्षा शिक्षक संवर्ग को है। वे अकादमिक फील्ड में काम करते रहे हैं एवं पूर्व में चारामा, नरहरपुर व भानुप्रतापपुर में खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्य कर चुके है। मुलाकात के दौरान कान्तेश्वरी तेता, प्रवीण पांडेय, पेशीराम कुंजाम, रामशरण जैन, दसरी जूरी, विनोद पाठक, सुनीता वाल्मिकी, प्रवीर बाला, देवकरण भास्कर, पारस कुमार उसेंडी, जवाहर ठाकुर, जीवन नेताम, ज्योति नेताम, सत्यवान वैद्य, दीपेंद्र राय, सोहन साहू लाल, सहित पदाधिकारी व शिक्षक शामिल रहे।

---

रिहर्सल शुरू होगा 2 अगस्त से, अंतिम पूर्वाभ्यास 13 को

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने लिया बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के समारोहपूर्वक आयोजन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बैठक लेकर अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों के बारे में बताया। उन्होंने उक्त राष्ट्रीय पर्व के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों के अधिकारियों को परस्पर सामन्जस्य और समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया।



आयोजित बैठक में एसडीएम कांकेर अरूण वर्मा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस साल भी जिला स्तर पर स्वतंत्रता दिवस के गरिमामयी आयोजन के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी शासकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में 15 अगस्त को प्रातः 7.30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसी तरह जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन नरहरदेव शाउमावि के खेल मैदान में किया जाएगा, जहां पर मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के लिए आमंत्रण पत्र मुद्रण की व्यवस्था, समारोह स्थल पर पेयजल की व्यवस्था, अतिथियों की बैठक व्यवस्था सहित स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए रिहर्सल 2 अगस्त से शुरू होकर 13 अगस्त को अंतिम पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न मोर्चों में शहीद हुए जवानों के परिजनों को भी सम्मानित किया जाएगा, जिसके लिए सूची 10 अगस्त तक जिला पंचायत कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी सहित सभी अनुविभाग के अधिकारी एवं जिला स्तर के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### सौंपी गई जिम्मेदारी

बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सम्पूर्ण कानून व्यवस्था के लिए अपर कलेक्टर तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को नोडल अधिकारी नियुक्त गया है। इसी प्रकार समारोह स्थल में मुख्य मंच का निर्माण, अतिथियों की बैठक एवं बेरिकेडिंग व्यवस्था के लिए लोक निर्माण विभाग, सलामी मंच एवं आकर्षक पौधे इत्यादि की व्यवस्था उद्यानिकी विभाग, विद्युत एवं जनरेटर व माइक सेट की व्यवस्था विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग, मार्च पास्ट एवं परेड का संचालन रक्षित निरीक्षक द्वारा किया जाएगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
शिमला मनाली
9 दिन
14 अगस्त, 7 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 20 दिसंबर 2025
माल रोड, फागू, कुफरी, नालदेहरा, मशोबरा, रोहतांग दर्रे, काली बाड़ी मंदिर, जाखू मंदिर, माल रोड स्कैंडल प्वाइंट, लक्कड़ बाजार, वर्षों पुरानी तारा देवी मंदिर, देवताओं की घाटी कुल्लू मणिक्रान
राशि:-स्लीपर 12500/-, 3 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411